गूगल की मुफ्त क्लाउड स्टोरेज नीति में परिवर्तन

sanskritiias.com/hindi/news-articles/changes-in-google-free-cloud-storage-policy

(प्रारम्भिक परीक्षा- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की सामयिक घटनाएँ)
(मुख्य परीक्षा, सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र- 3 : सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर)

चर्चा में क्यों?

गूगल ने अपने ऑनलाइन क्लाउड स्टोरेज नीति में 1 जून, 2021 से बदलाव करने का निर्णय लिया है।

गूगल की वर्तमान नीति

- गूगल की वर्तमान नीति के अनुसार उपयोगकर्ताओं को एक नियमित गूगल अकाउंट पर 15GB स्टोरेज स्पेस मुफ्त प्रदान किया जाता है। यह माइक्रोसॉफ्ट के वनड्राइव (OneDrive) और एप्पल के आईक्लाउड (iCloud) पर प्रदान किये जाने वाले 5GB मुफ्त स्टोरेज की तुलना में काफी अधिक है।
- यह 15GB स्पेस उपयोगकर्ता के जीमेल, ड्राइव और फोटोज़ के लिये होता है। ड्राइव में गूगल डॉक्स व गूगल शीट्स जैसी एप से बनाई जाने वाली सभी फाइलें व स्प्रेडशीट शामिल होती हैं।
- गूगल की परिभाषा के अनुसार अपलोड की गई उच्च रिज़ॉल्यूशन वाली फोटो को स्पेस बचाने के लिये कम्प्रेस किया जाता है। 16MP से बड़ी तस्वीरें को 16MP में तथा 1080p से अधिक रिज़ॉल्यूशन की सभी वीडियो को भी हाई-डेफ़िनिशन 1080p के आकार में रिसाइज़ कर दिया जाता हैं।
- साथ ही, एक्सप्रेस रिज़ॉल्यूशन में फ़ोटो अधिकतम 3MP की और वीडियो 480p रिज़ॉल्यूशन की होती हैं।

नीति में प्रमुख बदलाव

- 1 जून, 2021 से गूगल फ़ोटो अब पहले की तरह नि:शुल्क नहीं होगा और इसके बाद अपलोड किये गए सभी फ़ोटो और वीडियो की गणना अकाउंट स्टोरेज के रूप में की जाएगी।
- साथ ही गूगल काफी दिनों से निष्क्रिय अकाउंट से सामग्री (Content) को भी डिलीट करेगा।

नीति में बदलाव का कारण

- गूगल के प्रत्येक उत्पाद व सेवाओं के उपयोगकर्ताओं की संख्या 1 बिलियन से अधिक है और इतनी अधिक मात्रा में मुफ्त क्लाउड स्टोरेज प्रदान करना सम्भव नहीं है।

- गूगल के अनुसार उपयोगकर्ता पहले से कहीं अधिक सामग्री अपलोड कर रहे हैं। वास्तव में जीमेल, गूगल ड्राइव और गूगल फ़ोटो पर प्रत्येक दिन 4.3 मिलियन जी.बी. से अधिक की सामग्री अपलोड की जा रही है।
- कम्पनी 'गूगल वन' कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त स्टोरेज के लिये भुगतान का विकल्प प्रदान करती है और इन उपयोगकर्ताओं को इस बदलाव से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।
- अधिक फ़ोटो और वीडियो अपलोड करते रहने की स्थिति में सेवा के लिये भुगतान करना होगा क्योंकि दिये गए 15GB को जीमेल, फ़ोटो और ड्राइव में विभाजित किया गया है।

निष्क्रिय खातों से सामग्री को हटाना

- नई नीति के तहत गूगल निष्क्रिय खातों से सामग्री को डिलीट कर देगा। इन उत्पादों या सेवाओं से सम्बंधित ऐसे अकाउंट जो दो वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय हैं, उन से सामग्री को हटाया जा सकता है।
- डाटा डिलीट करने से पहले गूगल इसकी सूचना उपभोक्ता को प्रदान करेगा और इसमें सामग्री को डाउनलोड करने का भी विकल्प दिया जाएगा।
- यदि 2 वर्ष के लिये स्टोरेज सीमा को पार कर लिया गया है, तो भी सामग्री डिलीट की जा सकती है।